कार्यालय प्राचार्य, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय,
बीरगाँव, जिला – रायपुर (छ.ग.)
Email:- govt.college.birgaon@gmail.com, Website-https://snkp.ac.in Contact No.-0771-2999011

बीरगांव, दिनांक 20/09/2025

## प्रतिवेदन
# पुस्तक मेला


छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 08 सितम्बर 2025 को शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव, जिला–रायपुर, छ.ग. में पुस्तक मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, विद्यार्थी तथा पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे।

पुस्तक मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ज्ञान–विज्ञान की विविध पुस्तकों से परिचित कराना, पढ़ने की आदत और रूचि का विकास करना, ज्ञान के क्षितिज का विस्तार करना तथा बौद्धिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना था। मेले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित सेमेस्टर प्रणाली, अनुसंधान कार्यों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके भी उपलब्ध कराई गई थी। विद्यार्थियों ने इन पुस्तकों का गहन अवलोकन किया और अपनी शैक्षणिक आवश्यकता एवं भविष्य की तैयारी को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त पुस्तकों की खरीदीं की। इस अवसर पर छात्रों ने अनुभव किया कि यह पुस्तकें उनके ज्ञान–विज्ञान के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी, श्री जितेंद्र यादव, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.एल वर्मा एवं डॉ. सौम्या रामटेके, डॉ. आशा रामटेके, डॉ. रोजमीना कुजूर, श्रीमती अनुराधा साहू, डॉ. कविता कोसरिया तथा डॉ. युगबोध पटले उपस्थित रहें। सभी ने मेले का अवलोकन और पुस्तकों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा बड़ी मात्रा में पुस्तकों की खरीदी की गई।
















महाविद्यालय में ग्रामीण अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह मेला उपयोगी सिद्ध हुआ क्योंकि ऐसे अंचलों में पाठ्यक्रम से संबंधित अनेक पुस्तकें उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाती है। छात्रों ने इस अवसर को ज्ञान का एक अनमोल उत्सव बताया। उन्होंने अनुभव किया कि ऐसे आयोजन न केवल उनकी शैक्षणिक यात्रा को सहज बनाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और दिशा भी प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने की बात रखी।


आयोजन की सफलता में रा.से.यो. स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। पुस्तक मेले का प्रायोजन सेंट्रल बुक हाउस, सदर बाजार रायपुर द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा मैडम के मार्गदर्शन में हुआ।

**संयोजकः**– डॉ. मनोज कुमार शर्मा
(सहायक प्राध्यापक गणित)

**सदस्य** – सुश्री सोनम बंसोड़
(अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र)
– श्री अपूर्व सिंह

(डॉ. प्रीति शर्मा) 20/9/25
प्राचार्य
शहीद नंदकुमार पटेल
शासकीय महाविद्यालय बीरगांव,
जिला–रायपुर (छ.ग.)


Geo-Tagging Camera
30
2025/09/08 13:58


छत्तीसगढ़ रजत 25 महोत्सव
गौरव उत्सव स्वर्णिम संकल्प
शहीद नन्दकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय
बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
पुस्तक मेला
दिनांक : 8 सितम्बर 2025
समय - प्रातः 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक
उद्देश्य
छात्रों को ज्ञान विज्ञान के विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की जानकारी प्रदान करना।
पढ़ने के प्रति रूचि जागृत करना।
ज्ञान का विस्तार करना।
छात्रों को लेखकों और प्रकाशकों की जानकारी प्रदान करना।
पठन-पाठन कौशल विकसित करना।
प्रायोजक
सेंट्रल बुक हाउस,
सदर बाज़ार, रायपुर
संयोजक :
डॉ. मनोज कुमार शर्मा
सुश्री सोनम बंसोड
श्री अपूर्व सिंह
प्राचार्य :
डॉ. प्रीति शर्मा

SNAPCIAL


30
BHANPURI
Geo-Tagging Camera
2025/09/08 13:55
Raipur,Chhattisgarh,India
8J5M+6W2, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhattisgarh 492003, India


30
Geo-Tagging Camera
2025/09/08 12:53
Raipur,Chhattisgarh,India
8J5M+6W2, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.310993 Long 81.643186
SNAPCIAL


संलग्न होने पर
अर्थदण्ड एवं कठोर
सजा का प्रावधान हैं।
आदेशानुसार
शहीद नन्दकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
पुस्तक मेला
Geo-Tagging Camera
2025/09/08 13:19
Raipur,Chhattisgarh,India
8J5M+6W2, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhattisgarh 492003


रैगिंग एक दण्डनीय
अपराध है
संलग्न होने पर
अर्थदण्ड एवं कठोर
सजा का प्रावधान हैं।
आदेशानुसार
शहीद नन्दकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय
पुस्तक मेला
Geo-Tagging Camera
2025/09/08 12:54
Raipur,Chhattisgarh,India
8J5M+6W2, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.310993 Long 81.643186

SNAPCIAL